# आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बना ओडीओपी : सीएम

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 24 जनवरी, 2018 को यूपी ने पहला स्थापना दिवस मनाते हुए ओडीओपी योजना लागू किया था। इसके तहत उद्यमियों को नई डिजाइन और तकनीक से जोड़ने के साथ बाजार भी उपलब्ध कराया गया। निर्यात की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। नतीजा है कि आज ओडीओपी न केवल यूपी के एमएमएमई बल्कि आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन गया है। वे शुक्रवार को लोकभवन में संतकबीर हथकरघा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि यूपी अब इन्वेस्टमेंट और एक्सपोर्ट का हब बनकर उभर रहा है। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पहले भूमिपूजन में 36,450 करोड़ रुपये के निवेश करार को धरातल पर उतारा जाएगा।



## नाई को अनुदान व प्रशिक्षण देगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क पर कुर्सी लगाने वाला नाई अपना सैलून क्यों नहीं खोल सकता? सरकार उस नाई को सब्सिडी पर ऋण देगी और प्रशिक्षण भी। इसी प्रकार सड़क पर टीन के नीचे बैठने वाला दर्जी भी खुद का शोरूम खोले इसके लिए प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और नकद सहायता दी जा रही है। यूपी का राज मिस्त्री और कारपेंटर किसी से कम नहीं है। इसका अंदाजा सहारनपुर में लगाया जा सकता है, जहां कारपेंटर के हाथों से बनी कलाकृतियां पूरे देश में पसंद की जाती हैं।

## कार्यक्रम को खिचड़ी न बनाते तो ठीक रहता

मुख्यमंत्री ने समारोह को लेकर एमएसएमई विभाग के अधिकारियों को आगाह किया। कहा कि इस कार्यक्रम को खिचड़ी नहीं बनाना चाहिए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान का अलग आयोजन कर श्रमिकों को बैंक से जोड़ना चाहिए, ताकि बैंक उन्हें ऋण दें।